University in News on 05 April 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

विज्ञान कांग्रेस की तैयारी शुरू, सात से नौ के बीच आएगी टीम

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में अगले साल होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके तहत सात से नौ अप्रैल के बीच विशिष्ट टीम निरीक्षण पर आएगी। विवि को भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 109वें वार्षिक सत्र की मेजबानी के लिए चुना गया है। यह आयोजन तीन जनवरी से लेकर सात जनवरी 2024 के बीच होगा।

विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन प्रधानमंत्री और

लविवि को मिली है भारतीय विज्ञान कांग्रेस के आयोजन की जिम्मेदारी

समापन राष्ट्रपति करते हैं। विवि ने आखिरी बार वर्ष 2002 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी की थी। लविवि वर्ष 1916, 1923, 1953 और 1985 में भी मेजबानी कर चुका है। इस बार के आयोजन में दुनिया भर के 20 हजार से ज्यादा वैज्ञानिक जुटने की उम्मीद हैं। इसमे नोबल पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों के भी शामिल होने की उम्मीद है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 32 छात्रों को मिली नौकरी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 32 छात्रों का तीन कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने छात्रों को बधाई दी।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि बीटेक की छात्रा कसक वैश्य का टेकलैंग कंपनी में बिजनेस डवलपमेंट एसोसिएट के पद पर सात लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर और पिरामल फाइनेंस कम्पनी में 30 छात्रों का चयन हुआ है। इसमे बीटेक के आत्मज्ञान सिंह, शिवांगी, सार्थक द्विवेदी, कृति वाजपेयी, हर्ष पाण्डेय, फहीम, रहमतुल्लाह, हिमांशु, हर्षवर्धन,

एक छात्रा को 7 लाख का पैकेज

प्रथम चंद्रा, अतुल कुमार एवं अंतिमा,, बीसीए के रोहन, जावेद अख्तर, अंकुर वर्मा, आशुतोष, रुशदिया, आदित्य एवं श्रेया मौर्या, एमसीए के आकाश तिवारी एवं हिमांशु गौतम), बीबीए (आईएमएस) के अजीत कुमार, शुभम चौधरी, निहाल खान, एमबीए (आईएमएस) के गौरव मिश्रा, अमन कुमार व बीकॉम के दिव्या सिंह, आयुष अग्रवाल, स्नेहा मौर्या और शिवम सिंह का चयन सेल्स ट्रेनी के पद पर 2.44 लाख के पैकेज पर हुआ है।

बीटेक के ही शिखर मिश्रा का इनोव टू इलेट टेक्नोलॉजीस कंपनी में फ्रंट एंड डवलपमेंट इंटर्न के पद पर 3.0 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ।

NBT PAGE 6

कोर्स में शामिल होगा प्राचीन ज्ञान

■ एनबीटी सं., लखनऊः भारतीय ज्ञान परम्परा और प्रणाली को एनईपी के तहत हायर एजुकेशन में शामिल करने पर मंथन चल रहा है। एलयू के अभिनवगुप्त संस्थान की समन्वयक डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज के अनुसार प्राचीन ज्ञान से विकास को रफ्तार दी जा सकती है। इसे देखते हुए जल्द ही कार्यशाला का आयोजन होगा। डॉ. भारद्वाज के मुताबिक लगभग एक करोड़ पाण्डुलिपियां अब तक पढ़ी नहीं गई हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों में आधुनिक शिक्षा के साथ ही प्राचीन शिक्षा की जानकारी देने की तैयारी चल रही है। इसके लिए शासन स्तर से छह सदस्यीय समिति का गठन भी किया गया है।

एलयू के 32 स्टूडेंट्स को नौकरी

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट ड्राइव में 32 स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि बीटेक की कसक वैश्य को 7 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज मिला है। बीटेक के आत्मज्ञान सिंह, शिवांगी, सार्थक द्विवेदी, कृति वाजपेयी, हर्ष पाण्डेय, मोहम्मद फहीम, रहमतुल्लाह, हिमांशु, हर्षवर्धन, प्रथम चंद्रा, अतुल कुमार, शिखर मिश्रा और अंतिमा, बीसीए के रोहन, जावेद अख्तर, अंकुर वर्मा, आशुतोष, रुशदिया, आदित्य और श्रेया मौर्या का चयन हुआ है। वहीं, एमसीए, बीबीए (आईएमएस) और एमबीए (आईएमएस) के भी कई स्टूडेंट्स को ऑफर मिला है।

HINDUSTAN PAGE 6

एआई में भारतीय ज्ञान प्रणाली का उपयोग

लखनऊ। भारतीय ज्ञान प्रणाली के रूप में ऐसी वैज्ञानिक शास्त्र परंपराएं मौजूद हैं जिसका अनुप्रयोग कम्प्यूटर के मशीन ट्रांसलेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में किया जा रहा है। क्योंकि भारत में किसी शब्द का अर्थ व वाक्य का तात्पर्य निश्चित करने के लिए अत्यन्त ऊंचे दर्जे की भारतीय ज्ञान प्रणाली रही है। यह बातें एलयू के अभिनवगुप्त संस्थान की समन्वयक डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज ने कही।

एलयू: 32 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। एलयू के अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 32 छात्रों का तीन कम्पनियों में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि बीटेक की छात्रा कसक वैश्य का टेकलैंग कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर सात लाख प्रतिवर्ष और छात्र शिखर मिश्रा का इनोव टू इलेट टेक्नोलॉजीस कंपनी में चयन हुआ।

TRUE TIMES PAGE 2

लखनऊ विश्वविद्यालय के 32 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट, अधिकतम पैकेज 7 लाख रहा

ट्रू टाइम्स संवाददाता

i-NEXT PAGE 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की शुरू

31 मई तक करें यूजी के लिए अप्लाई

मिशन एडमिशन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (4 April): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए 28 मार्च से अपनी केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है. इस प्रक्रिया के तहत अंडरग्रेजुएट व अंडरग्रेजुएट प्रोफेशनल कोर्स में एडमिशन हो सकेंगे. एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि कैंडीडेट एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकता है साथ ही आवेदन भी कर सकता है.

फैकल्टी ऑफ आर्ट्स

बीए एनईपी 4 वर्षीय पाठ्यक्रम

बीए एनईपी या बीए एनईपी चार वर्षीय पाठ्यक्रम

- एलिजिबिलिटी: 12वीं में 40 पर्सेंट से अधिक मार्क्स हों. एससी व एसटी के लिए यह एलिजिबिलिटी 33 फीसदी है.
- सीट्स: इस कोर्स में अलग-अलग विषयों के आधार पर रेगुलर व सेल्फ फाइनेंस सीट्स हैं.
- ओरिएंटल संस्कृत-शास्त्री: 25 सीट्स
- बीजेएमसी: इंटरमीडिएट या पॉलीटेक्निक डिप्लोमा या समकक्ष में 50 फीसदी अंक. रिजर्व कैटेगरी के लिए 45 फीसदी अंक.

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स

बीकॉम ऑनर्स 6 सेमेस्टर	180 सीट्स
बीकॉम एनईपी 4 वर्षीय पाठ्यक्रम	450 सीट्स
बीकॉम एनईपी सेल्फ फाइनेंस	240 सीट्स

- एलिजिबिलिटी: इंटरमीडिएट कॉमर्स या समकक्ष परीक्षा में 40 फीसदी अंक. रिजर्व कैटेगरी के लिए 33 फीसदी अंक होने जरूरी. बीकॉम ऑनर्स में अनरिजर्व्ड कैटेगरी के लिए 60 फीसदी व अन्य के लिए 55 फीसदी अंक अनिवार्य.

इन कोर्स में कर सकते हैं आवेदन

फैकल्टी ऑफ लॉ

एलएलबी इंटीग्रेटेड

10 सेमेस्टर | 168 सीट

- एलिजिबिलिटी: इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा में सामान्य 45 फीसदी और ओबीसी 42 फीसदी व अन्य के लिए 40 फीसदी अंक होने चाहिए.

फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग

- बीटेक: एडमिशन जेईई मेरिट व काउंसिलिंग के आधार पर
- बीसीए: 120 सीट
- एलिजिबिलिटी: इंटरमीडिएट या समकक्ष. 50 फीसदी अंक व रिजर्व्ड के लिए 45 फीसदी अंक होने चाहिए.

फैकल्टी ऑफ साइंस

- बीएससी मैथ्स: विज्ञान वर्ग मैथ्स में इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा. सामान्य व ओबीसी के लिए 40 फीसदी व अन्य के लिए 33 फीसदी अंक अनिवार्य.

सीट्स: विषयवार रेगुलर व सेल्फ फाइनेंस सीटें निर्धारित हैं.

- बीएससी बायो: इंटरमीडिएट में बायोलॉजी या समकक्ष. अनरिजर्व्ड कैटेगरी के लिए 40 फीसदी व रिजर्व कैटेगरी के लिए 33 फीसदी अंक होना अनिवार्य है.

सीट्स: विषयवार

- बीवोक रेनेन्युबल एनर्जी: 25 सीट

एलिजिबिलिटी: इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा विज्ञान विषय के साथ रिजर्व में 40 फीसदी व अनरिजर्व्ड कैटेगरी में 33 फीसदी अनिवार्य है.

- बीएससी एग्रीकल्चर (सिर्फ कॉलेज के लिए)

एलिजिबिलिटी: मैथ्स या बायोलॉजी या एग्रीकल्चर में इंटरमीडिएट. अनरिजर्व्ड कैटेगरी के लिए 45 फीसदी व रिजर्व के लिए 40 फीसदी अंक होने चाहिए.

इन बातों का रखें ध्यान

1. फॉर्म भरने से पहले ब्रोशर में एडमिशन के सभी निर्देश पढ़ लें.
2. कैंडीडेट के फोटो व सिग्नेचर की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर होनी चाहिए.
3. ऑनलाइन फीस जमा करने के 72 घंटे के बाद दोबारा फीस जमा करें.
4. असुविधा होने पर 0522-4150500 पर संपर्क कर सकते हैं.

4500 से अधिक सीटें एलयू की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत अंडरग्रेजुएट व अंडरग्रेजुएट प्रोफेशनल कोर्सों को मिलाकर हैं

स्टूडेंट्स 31 मई तक कर सकते हैं आवेदन, इस बार रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी

यूजी व यूजी प्रोफेशनल की डेट

आवेदन की आखिरी तारीख	1 मई
एंट्रेंस टेस्ट	15 जून से 25 जून
रिजल्ट	7 जुलाई
काउंसिलिंग फर्स्ट फेज	10 से 14 जुलाई

इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज

बीबीए	180 सीट
बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस	60 सीट
बीबीए मैनेजमेंट साइंसेज	60 सीट
बीबीए टूरिज्म	60 सीट

फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स

- बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट-पेंटिंग: 18 सीट, 14 सीट सेल्फ फाइनेंस
- बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट-अप्लाइड आर्ट: 18 रेगुलर, 14 सेल्फ फाइनेंस

स्कल्पचर: 14 रेगुलर, 5 सेल्फ फाइनेंस

- बीएफए टेक्सटाइल डिजाइन: 10 सीट
- बीए-बीएससी योग: 60 सीट

यूजी प्रोफेशनल: बीबीए व बीसीए: 1000 रुपये, एससी व एसटी 500 रुपये

बीएड: 1600 रुपये, एससी व एसटी 800 रुपये

एलयू के 32 स्टूडेंट्स का हो गया प्लेसमेंट

लखनऊ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को अधिकतम पैकेज 7 लाख रुपये का मिला

LUCKNOW (4 April): लखनऊ यूनिवर्सिटी की इंजीनियरिंग फैकल्टी के प्लेसमेंट सेल की ओर से हुए प्लेसमेंट ड्राइव में 32 स्टूडेंट्स का 3 कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय और इंजीनियरिंग फैकल्टी के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी. प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक की छात्रा कसक वैश्य का टेकलैंग कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर 7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज और पिरामल फाइनेंस कंपनी में 30 स्टूडेंट्स जिसमें बीटेक के 12, बीसीए के 7, एमसीए के 2, बीबीए (आईएमएस) के 3, एमबीए (आईएमएस) के 2 और बीकॉम के 4 स्टूडेंट्स का सेल्स ट्रेनी के पद पर 2.44 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ है. बीटेक के ही छात्र शिखर मिश्रा का इनोव टू इलेट टेक्नोलॉजीस कंपनी में फ्रंट एंड डेवलपमेंट इंटर्न के पद पर अधिकतम 3.0 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ.

इन स्टूडेंट्स का हुआ सेलेक्शन

प्लेसमेंट में सेलेक्ट होने वाले स्टूडेंट्स में आत्मज्ञान सिंह, शिवांगी, सार्थक द्विवेदी, कृति वाजपेयी, हर्ष पांडेय, मोहम्मद फहीम, रहमतुल्लाह, हिमांशु, हर्षवर्धन, प्रथम चंद्रा, अतुल कुमार, अंतिमा, रोहन, जावेद अख्तर, अंकुर वर्मा, आशुतोष, रुशदिया, आदित्य, श्रेया मौर्या, आकाश तिवारी, हिमांशु गौतम, अजीत कुमार, शुभम चौधरी, निहाल खान, गौरव मिश्रा, अमन कुमार, दिव्या सिंह, आयुष अग्रवाल, स्नेहा मौर्या और शिवम सिंह शामिल हैं.

सुविधाएं देखने आएगी विज्ञान कांग्रेस की टीम

एलयू में सात से नौ अप्रैल के बीच दौरा प्रस्तावित

LUCKNOW (4 April): एलयू को 21 साल बाद 109वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी करने की जिम्मेदारी मिली है. यह आयोजन तीन से सात जनवरी 2023 तक होगा. इसकी तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय ने मंथन शुरू कर दिया है. आगामी सात से नौ अप्रैल के बीच भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था के सदस्य एलयू में सुविधाओं को देखने के लिए भ्रमण करने आ सकते हैं. कार्यवाहक कुलसचिव प्रोफेसर पूनम टंडन ने सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक से लेकर चीफ प्राक्टर व टैगोर पुस्तकालय प्रभारी को पत्र जारी कर अपने-अपने विभाग के आडिटोरियम, बोर्डरूम, लेक्चर रूम एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की साफ-सफाई तथा रख-रखाव को सुनिश्चित करने के लिए कहा है.

एलयू को छठी बार मौका

एलयू को छठी बार भारतीय विज्ञान कांग्रेस के आयोजन का मौका मिला है. परंपरागत रूप से भारत के प्रधानमंत्री इस मेगा इवेंट का उद्घाटन और राष्ट्रपति समापन करते हैं. इस विशाल वैज्ञानिक वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर से कम से कम बीस हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें विश्व के कई नोबल पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिक भी प्रतिभाग करेंगे. इसलिए इस भव्य आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभी से अपनी तैयारी शुरू कर दी है. आवश्यक संसाधनों का आकलन किया जा रहा है. भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था के सदस्य यही सारी सुविधाएं देखने के लिए एलयू आएंगे. कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि भव्य आयोजन को लेकर तैयारी चल रही है.

PIONEER PAGE 3

सम सेमेस्टर क्लासेस शुरू करने की डेट तय

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक की परीक्षाएं खत्म होने वाली हैं. ऐसे में कालेजों ने सम सेमेस्टर कक्षाएं शुरू करने की तिथि तय कर दी है. बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज (केकेवी) में 10 अप्रैल से कक्षाएं शुरू होंगी. प्राचार्य प्रो. संजय मिश्रा ने यह जानकारी दी. नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बताया कि बीए और बीएससी की कक्षाएं 10 अप्रैल से शुरू होंगी. इसका समय सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक रहेगा. अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज में बीए और बीकाम में सम सेमेस्टर की कक्षाएं 12 अप्रैल से संचालित होंगी. कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्रीक कालेज की प्राचार्या प्रोफेसर सारिका दुबे ने बताया कि सम सेमेस्टर की कक्षाएं 12 अप्रैल से आरंभ की जाएंगी. नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कालेज और महिला पीजी कालेज में भी 12 अप्रैल से कक्षाएं शुरू होंगी.

पीएचडी अरेबिक एवं अरब कल्चर में साक्षात्कार 10 को

लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी रेगुलर अरेबिक एवं अरब कल्चर विषय में साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइट पर जारी कर दी गई. इन विषयों में 19 सीटों के सापेक्ष नौ अभ्यर्थी अर्ह हुए हैं. इनमें अरब कल्चर से एक और अरेबिक से आठ अभ्यर्थी शामिल हैं. इन सभी के साक्षात्कार 10 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगे.

लखनऊ विश्वविद्यालय में परीक्षाएं आज

लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को एमएससी न्यूक्लियर मेडिसिन तृतीय सेमेस्टर, प्रोफिसिएंसी इन अरेबिक प्रथम सेमेस्टर और डिप्लोमा इन अरेबिक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी. इसका समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा.

एलयू द्वितीय परिसर में शुरू हुआ बारिश से रुका क्रिकेट, पहले दिन पांच मैच खेले गए

एलयू के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट में खुलेगी डिजिटल लैब

- एक्सपेरिमेंट का होगा लाइव प्रसारण
- ड्यूल कोड को लागू करने पर विभाग कर रहा मंथन, डिस्टेंस लर्निंग के तहत लाने का विचार

विश्वविद्यालय के 32 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि के 32 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 32 छात्रों का 03 कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो.ए. के.सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

JAGRAN CITY PAGE III

सुविधाएं देखने आएगी भारतीय विज्ञान कांग्रेस टीम

जासं, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय को 21 साल बाद 109वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी करने की जिम्मेदारी मिली है। यह आयोजन तीन से सात जनवरी 2024 तक विश्वविद्यालय में होगा। इसकी तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय ने मंथन शुरू कर दिया है। आगामी सात से नौ अप्रैल के बीच भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था के सदस्य सुविधाएं देखने आ सकते हैं। कार्यवाहक कुलसचिव प्रो पूनम टंडन ने संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक से लेकर चीफ प्राक्टर व टैगोर पुस्तकालय प्रभारी को पत्र जारी कर विभाग के आडिटोरियम, बोर्डरूम, लेक्चर रूम आदि की सफाई तथा रख-रखाव को सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

लवि को छठी बार भारतीय विज्ञान कांग्रेस के आयोजन का मौका मिला है। परंपरागत रूप से भारत के प्रधानमंत्री इस मेगा इवेंट का उद्घाटन और राष्ट्रपति समापन करते हैं। इस विशाल वैज्ञानिक वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर से कम से कम बीस हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें विश्व के कई नोबल पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिक भी प्रतिभाग करेंगे। इसलिए इस भव्य आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभी से अपनी तैयारी शुरू कर दी है। आवश्यक संसाधनों का आकलन किया जा रहा है। भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था के सदस्य यही सारी सुविधाएं देखने के लिए लवि आएंगे। कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि भव्य आयोजन को लेकर तैयारी चल रही है। भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था के सदस्यों का यहां भ्रमण के लिए आना प्रस्तावित है।

कालेजों ने तय की सम सेमेस्टर कक्षाओं की तिथि

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक की परीक्षाएं खत्म होने वाली हैं। ऐसे में कालेजों ने सम सेमेस्टर कक्षाएं शुरू करने की तिथि तय कर दी है। बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज (केकेवी) में 10 अप्रैल से कक्षाएं शुरू होंगी। प्राचार्य प्रो. संजय मिश्रा ने यह जानकारी दी। नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बताया कि बीए और बीएससी की कक्षाएं 10 अप्रैल से शुरू होंगी। इसका समय सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक रहेगा। अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज में बीए और बीकाम में सम सेमेस्टर की कक्षाएं 12 अप्रैल से संचालित होंगी। कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्रीक कालेज की प्राचार्या प्रोफेसर सारिका दुबे ने बताया कि सम सेमेस्टर की कक्षाएं 12 अप्रैल से आरंभ की जाएंगी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कालेज और महिला पीजी कालेज में भी 12 अप्रैल से कक्षाएं शुरू होंगी।

पीएचडी अरेबिक एवं अरब कल्चर में साक्षात्कार 10 को : लवि ने पीएचडी रेगुलर अरेबिक एवं अरब कल्चर विषय में साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई। इन विषयों में 19 सीटों के सापेक्ष नौ अभ्यर्थी अर्ह हैं। अरब कल्चर से एक और अरेबिक से आठ अभ्यर्थी शामिल हैं। इनके साक्षात्कार 10 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगे।

परीक्षाएं आज : लवि में बुधवार को एमएससी न्यूक्लियर मेडिसिन तृतीय सेमेस्टर, प्रोफिसिएंसी इन अरेबिक प्रथम सेमेस्टर और डिप्लोमा इन अरेबिक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर दो से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएंगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 32 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट

विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से हाल ही में कंपनियों में आयोजित किया गया था प्लेसमेंट ड्राइव

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में फिर 32 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है। सर्वाधिक पैकेज सात लाख रुपये मिला। कुलपति प्रो. आलोक राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

लवि के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से हाल ही में तीन कंपनियों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया था। प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक की छात्रा कसक वैश्य का टेकलैंग कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर सात लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ है। पिरामल फाइनेंस कंपनी में 30 छात्र-छात्राओं, जिसमें बीटेक के आत्मज्ञान सिंह, शिवांगी, सार्थक द्विवेदी, कृति वाजपेयी, हर्ष पांडेय, मोहम्मद फहीम, रहमतुल्लाह, हिमांशु, हर्षवर्धन, प्रथम चंद्रा, अतुल कुमार एवं अंतिमा, बीसीए के रोहन, जावेद अख्तर, अंकुर वर्मा, आशुतोष, रुशदिया, आदित्य एवं श्रेया मौर्या, एमसीए के आकाश तिवारी एवं हिमांशु गौतम शामिल हैं। इसके अलावा बीबीए (आइएमएस) के अजीत कुमार, शुभम चौधरी, निहाल खान, एमबीए (आइएमएस) के गौरव मिश्रा, अमन कुमार एवं बीकाम के दिव्या सिंह, आयुष अग्रवाल, स्नेहा मौर्या और शिवम सिंह का चयन सेल्स ट्रेनी के पद पर हुआ। इन्हें 2.44 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज मिलेगा। बीटेक के छात्र शिखर मिश्रा का इनोव टू इलेट टेक्नोलाजीस कंपनी में फ्रंट एंड डेवलपमेंट इंटर्न के पद पर अधिकतम तीन लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ।

प्लेसमेंट के लिए आवेदन आज, इंटरव्यू कल

जासं, लखनऊ : लवि अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल ने अपग्रेड कंपनी में नौकरी के लिए स्नातक एवं परास्नातक छात्र-छात्राओं को आवेदन का मौका दिया है। सभी इच्छुक विद्यार्थी पांच मार्च तक गूगल फार्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

प्लेसमेंट प्रभारी डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि अपग्रेड में एसोसिएट एडमिशन काउंसलर पद पर ग्रेजुएट छात्र 3.5 लाख प्रतिवर्ष एवं पोस्ट ग्रेजुएट के छात्र चार लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपग्रेड कंपनी छह अप्रैल को सुबह 9:30 बजे कैंपस प्लेसमेंट के लिए अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में आएगी। कंपनी की ओर से प्री प्लेसमेंट टाक 10:30 से 11:30 के बीच होगा। छात्र-छात्राएं सुबह 9:30 पर अभियांत्रिकी एवं टेक्नोलाजी संकाय, द्वितीय परिसर, लखनऊ विश्वविद्यालय में आकर प्लेसमेंट में हिस्सा ले सकते हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 4

छात्रों के रोजगार की राह आसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 32 छात्रों का तीन प्रतिष्ठित कम्पनियों में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि बीटेक की छात्रा कसक वैश्य का टेकलैंग कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर 7.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा पिरामल फाइनेंस कम्पनी में 30 छात्रो, जिसमे बीटेक के 12 छात्रों (आत्मज्ञान सिंह, शिवांगी, सार्थक द्विवेदी, कृति वाजपेयी, हर्ष पाण्डेय, मोहम्मद फहीम,

लखनऊ विश्वविद्यालय

• 32 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

रहमतुल्लाह, हिमांशु, हर्षवर्धन, प्रथम चंद्रा, अतुल कुमार एवं अंतिमा), बीसीए के 7 छात्रों (रोहन, जावेद अख्तर, अंकुर वर्मा, आशुतोष, रुशदिया, आदित्य एवं श्रेया मौर्या), एमसीए के 2 छात्रों (आकाश तिवारी एवं हिमांशु गौतम), बीबीए (आईएमएस) के 3 छात्रों (अजीत कुमार, शुभम चौधरी, निहाल खान), एमबीए (आईएमएस) के 2 छात्रों (गौरव मिश्रा, अमन कुमार) एवं बीकॉम के 4 छात्रों (दिव्या सिंह, आयुष अग्रवाल, स्नेहा मौर्या और शिवम सिंह) का चयन सेल्स ट्रेनी के पद पर 2.44 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर साथ ही बीटेक के ही छात्र शिखर मिश्रा का इनोव टू इलेट टेक्नोलॉजीस कंपनी में फ्रंट एंड डेवलपमेंट इंटर्न के पद पर अधिकतम 3.0 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ।

> विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट की सुविधा को पहले से बेहतर किया गया है। छात्रों के रोजगार का रास्ता आसान हो इस पर लगातार फोकस करते हुए बड़ी-बड़ी कंपनियों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है।
>
> -प्रोफेसर आलोक राय, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय

VoL PAGE 5

लविवि के 32 छात्रों का चयन, अधिकतम पैकेज सात लाख रहा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 32 छात्रों का तीन कम्पनियों में कैंपस प्लेसमेंट हुआ।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि बीटेक की छात्रा कसक वैश्य का टेकलैंग कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर सात लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा पिरामल फाइनेंस कम्पनी में 30 छात्रों, जिसमे बीटेक के 12 छात्रों आत्मज्ञान सिंह, शिवांगी, सार्थक द्विवेदी, कृति वाजपेयी, हर्ष पाण्डेय, मोहम्मद फहीम, रहमतुल्लाह, हिमांशु, हर्षवर्धन, प्रथम चंद्रा, अतुल कुमार एवं अंतिमा, बीसीए के सात छात्रों रोहन, जावेद अख्तर, अंकुर वर्मा, आशुतोष, रुशदिया, आदित्य एवं श्रेया मौर्या, एमसीए के दो छात्रों आकाश तिवारी एवं हिमांशु गौतम, बीबीए आईएमएस के तीन छात्रों अजीत कुमार, शुभम चौधरी, निहाल खान, एमबीए आईएमएस के दो छात्रों गौरव मिश्रा, अमन कुमार एवं बीकॉम के चार छात्रों दिव्या सिंह, आयुष अग्रवाल, स्नेहा मौर्या और शिवम सिंह का चयन सेल्स ट्रेनी के पद पर 2.44 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर साथ ही बीटेक के ही छात्र शिखर मिश्रा का इनोव टू इलेट टेक्नोलॉजीस कंपनी में फ्रंट एंड डेवलपमेंट इंटर्न के पद पर अधिकतम तीन लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ।